# खेत में कलेक्टर का मुआयना, पटवारी निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर. भितरवार क्षेत्र में सोमवार की रात को ओलावृष्टि की सूचना मिलने पर कलेक्टर रुचिका चौहान ने बड़की सराय एवं सिकरौदा गांव में पहुंचकर ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया एवं प्रभावित किसानों से चर्चा की.**



कलेक्टर रुचिका चौहान ने एसडीएम भितरवार एवं रिवेन्यू के समस्त स्टाफ को निर्देशित किया है कि ओला प्रभावित खेतों के सर्वेक्षण का कार्य तत्काल प्रारंभ करें . उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी प्रभावित किसान सर्वेक्षण में वंचित नहीं रहना चाहिए . साथ ही किसी भी गलत व्यक्ति का नाम सर्वेक्षण में नहीं जुड़ना चाहिए. ओलावृष्टि की सूचना पर क्षेत्र में नहीं पहुंचने पर बड़कीसराय के पटवारी संजय शर्मा को कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं. कलेक्टर रुचिका चौहान ने प्रभावित किसानों से चर्चा कर उन्हें आश्वस्त किया.

### बर्फ की चादर से कश्मीर जैसा नजारा

भितरवार-चीनोर क्षेत्र के गांव कछौआ, बड़की सराय, जुझारपुर, भोरी, ररुआ, चीनोर, आंतरी, करहिया और सिकरौदा समेत 12 से अधिक गांवों में जहां पर भीषण ओलावृष्टि हुई, बर्फ की चादर बिछने से कश्मीर जैसा नजारा बन गया। ओलावृष्टि की तीव्रता इतनी अधिक थी कि खेतों में फसलों के ऊपर चार-चार इंच तक बर्फ जम गई। मंजर ऐसा था कि दूर-दूर तक फैली हरियाली गायब हो गई और पूरा इलाका बर्फ की चादर से ढका कश्मीर जैसा नजर आने लगा। किसानों के मुताबिक गेहूं, सरसों व चना आदि फसलों में 70 से 90 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है .

### सर्वेक्षण कार्य तत्परता से किया जाए

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रभावित किसानों से विस्तार से चर्चा की. उन्होंने सभी को आश्वस्त किया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के निर्देश पर ओला प्रभावितों का सर्वेक्षण कार्य तत्परता से किया जायेगा. सर्वेक्षण के उपरांत जो भी प्रभावित किसान हैं उन्हें शासन के प्रावधानों के अनुरूप राहत राशि भी उपलब्ध कराई जायेगी. इसके साथ ही जिन किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया है उन किसानों को भी बीमा कंपनी को 14447 पर सूचना देने के उपरांत कंपनी के माध्यम से बीमे की राशि भी उपलब्ध कराई जायेगी.

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और राज्यसभा सदस्य तन्खा के बीच कानूनी लड़ाई खत्म

### सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि प्रकरण निरस्त किया

**जबलपुर, 3 फरवरी. मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा के बीच लंबे समय से चल रहा कानूनी विवाद आखिरकार खत्म हो गया है.**

सुप्रीम कोर्ट के सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के सुझाव के बाद दोनों नेताओं ने लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय बातचीत का रास्ता चुना. संसद में मुलाकात और बातचीत के बाद, विवेक तन्खा ने चुनाव के दौरान दिए गए बयानों के संबंध में दायर किए गए सिविल और आपराधिक मानहानि के मामलों को वापस लेने का फैसला किया. समझौते को अभिलेख पर लेते हुए करते सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेसा व न्यायमूर्ति एनके सिंह की युगलपीठ ने मानहानि के प्रकरण को निरस्त करने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया. दरअसल, तन्खा ने आरोप लगाया था कि शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें पंचायत चुनावों पर रोक के लिए दोषी ठहराया। ऐसा करने उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेशों को गलत तरीके से पेश किया. इसी के व्यथित होकर उन्होंने मानहानि का नोटिस भेज दिया था. बाद में अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया, जो जबलपुर की एमपीएमएलए कोर्ट में विचाराधीन रहने के दौरान प्रकरण निरस्त कराने शिवराज सहित अन्य पहले हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए.

यह मामला 2021 में हुए मध्य प्रदेश के पंचायत चुनावों से जुड़ा था . उन दिनों विवेक तन्खा वरिष्ठ अधिवक्ता के तौर पर सुप्रीम कोर्ट में पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण से जुड़े एक केस में पेश हुए थे . तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे लेकर कुछ बयान दिए थे . तन्खा का कहना था कि इन बयानों से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा. उन्हें सार्वजनिक आलोचना का सामना करना पड़ा . इसे आधार बनाते हुए उन्होंने सिविल और क्रिमिनल मानहानि केस दर्ज करवाए . सिविल केस में 10 करोड़ के हर्जाने की मांग की .

# बस रोक पकड़ी गांजे की खेप, चार गिरफ्तार

### 3 .34 लाख का गांजा किया गया बरामद

**जबलपुर, 3 फरवरी. क्राइम ब्रांच एवं बरगी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर बरगी वायपास नंदकेश्वर ढाबा बरगी एन एच 34 रोड पर दबिश देकर सिवनी से जबलपुर आ रही बस रोककर सर्चिंग कर उड़ीसा से आई गांजे की खेप पकड़ी है.**



पुलिस ने बस की तलाशी लेते हुए गांजा के कारोबार में तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ 6 किलो 686 ग्राम गांजा कीमती लगभग 3 लाख 34 हजार रूपये का जप्त किया गया है. टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि नंदन बस में 3-4 व्यक्ति चाकू लिये सिवनी तरफ से जबलपुर की ओर आने वाले हैं सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं बरगी पुलिस ने की संयुक्त टीम द्वारा बरगी वायपास नंदकेश्वर ढाबा बरगी एन एच 34 रोड पर दबिश दी गई कुछ समय बाद सिवनी की ओर से आ रही नंदन बस क्रमांक एमपी 22 जेड एफ 6661 को रोककर बस कंडक्टर एवं ड्रायवर की निशादेही पर बस चैक की.

### पति ने पत्नी पर हथौड़े से हमला कर सिर फोड़ा

**शिवपुरी.** जिले के नरवर कस्बे में बीच बाजार एक युवक ने अपनी पत्नी पर हथौड़े से हमला कर दिया. बीच-बचाव में आई पत्नी की भाभी पर भी आरोपी ने हमला कर दिया. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों महिलाओं को तत्काल नरवर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है. नारायणपुर निवासी राजकुमारी कुशवाह की शादी कुछ साल पहले नरवर निवासी रवि कुशवाह से हुई थी. दोनों की एक बेटी है. पारिवारिक विवाद और मारपीट के चलते राजकुमारी पिछले करीब एक साल से अपनी बेटी के साथ मायके में रह रही थी.

# 13 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील प्रांगण में दिया धरना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 फरवरी, मऊगंज विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील हनुमना में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को राज्यपाल के नाम 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौपा.**



यह धरना प्रदर्शन पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुखेन्द्र सिंह बन्ना एवं जिलाध्यक्ष हरिलाल आदिवासी के नेतृत्व में किया गया. क्षेत्र की जनता के साथ ब्लाक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित क्षेत्रीय जनता भारी संख्या में धरना प्रदर्शन में शामिल हुई. पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह के नेतृत्व में लोग तहसील प्रांगण पहुंचे. जहां विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया. मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने, अवैध वसूली, बढ़ते अपराध, बिजली की समस्या, अवैध नशे का कारोबार एवं सभी विभागो में चल रहे भ्रष्टाचार, एसआईआर सर्वे के दौरान नाम काटे जाने वृद्धा पेंशन दिलाए जाने गरीबी रेखा में नाम जोडने सहित 13 सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन रहा. एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौप कर कार्यवाही की मांग की गई.

धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने कहा कि चारो तरफ भ्रष्टाचार का आलम है, किसानो को खाद नही मिल रही, गरीबो की पेंशन बंद कर दी गई है . जंगल राज चल रहा है . श्री सिंह ने कहा कि अगर समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो उग्र आंदोलन के लिये मजबूर होना पड़ेगा. पेयजल सप्लाई से लेकर क्षेत्र में बढ़ते अपराध और अवैध नशे के कारोबार पर भी सवाल उठाया . धरना प्रदर्शन में गोविंद नारायण तिवारी, उमाकांत पाण्डेय, शिवलाल साकेत, गिरिजा गुप्ता, मौजूद थे .



### भाजपा प्रदेश प्रभारी ने हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लिया

**सागर,03 फरवरी .** प्रदेश प्रभारी डॉ . महेन्द्र सिंह ने मंगलवार को सागर में प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व विधायक भूपेन्द्र सिंह के निवास पहुंचकर भगवान हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं रामकथा श्रवण में शामिल हुए . इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, विधायक गोपाल भार्गव आदि उपस्थित रहे .

# बच्चे ने पीने के पानी में मिलाया कीटनाशक

### एक ही परिवार के 10 लोग बीमार

**मंडला. अंजनियां के समीपस्थ ग्राम बगली में सोमवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहाँ एक 4 वर्षीय मासूम की अनजानी गलती के कारण एक ही परिवार के 10 सदस्य जहरीले पानी का शिकार हो गए. सभी बीमारों को आनन-फानन में जिला अस्पताल मंडला में भर्ती कराया गया है.**



ग्राम बगली निवासी किसान छोटेलाल नंदा ने फसल में छिड़काव के लिए घर में कीटनाशक दवा लाकर रखी थी. शाम के समय घर का 4 वर्षीय मासूम बेटा रणवीर खेलते-खेलते कीटनाशक की बोतल तक पहुँच गया. नादानी में उसने वह कीटनाशक घर में रखी पीने के पानी की टंकी में पलट दिया. शाम को जब परिवार के सदस्य कछार खेती का काम निपटाकर घर लौटे, तो उन्होंने अनजाने में उसी टंकी के पानी का उपयोग पीने और भोजन बनाने में किया. भोजन के कुछ ही देर बाद एक-एक कर परिवार के सदस्यों को उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी.

परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी पीड़ितों को निजी वाहन के जरिए तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया . बीमार होने वालों में 1 वर्ष की मासूम वेदिका से लेकर 62 वर्षीय बुजुर्ग शोभाराम नंदा शामिल हैं . घायलों में लक्ष्मण 13 वर्ष, रणवीर 4 वर्ष, गौरा 30 वर्ष, शोभना 13 वर्ष, रातरानी 30 वर्ष, वेदिका 1 वर्ष, कृष्णा 9 वर्ष, छोटेलाल 34 वर्ष और शोभाराम 62 वर्ष सहित अन्य सदस्य शामिल हैं. चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल सभी की स्थिति स्थिर है और उन पर निगरानी रखी जा रही है .

### एक नजर में

### राजगढ़ में डॉ . अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी

राजगढ़, 3 फरवरी. राजगढ़ के खिलचीपुर थाना क्षेत्र के भादाहेड़ी गांव में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त की गई। घटना का पता लेने पर ग्रामीणों ने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर स्थिति देखी और तत्काल पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने पर खिलचीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रतिमा व आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ की. गांव के एक युवक ने बताया कि उसके दादा मांगीलाल वर्मा जब वहां से गुजर रहे थे, तब उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा. इसके बाद उन्होंने गांव के लोगों को जानकारी दी, जिससे ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए. ग्रामीणों के अनुसार प्रतिमा के पास तीन से चार पत्थर पड़े हुए मिले हैं. इससे आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इन्हीं पत्थरों का उपयोग कर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया है. घटना को गंभीरता से लेते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है. वहीं, सतर्कता के लिहाज से खिलचीपुर सहित आसपास के थाना क्षेत्रों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया जा रहा है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

### पीएम के नेतृत्व में भारत का मान बढ़ा : दुबे

**जबलपुर, 3 फरवरी.** अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड-डील को लेकर मंगलवार को हुई संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत हुआ. बैठक में एनडीए के तमाम वरिष्ठ नेता और सांसद मौजूद रहे जिसमें जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे भी शामिल रहे. इस दौरान सांसद आशीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ी है, और ये कई देशों के भारत पर भरोसा करने और उसके साथ व्यापार समझौते करने का परिणाम है. इससे देश की अर्थव्यवस्था को जबर्दस्त गति मिलेगी. इसके साथ ही भारत-अमेरिका ट्रेड डील सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी, ऊर्जा सहयोग और वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका और मजबूत होगी.

### ननि से रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कराएं

**रतलाम ।** भू-जल स्तर को बढ़ाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार वर्षा के पानी को भूमि में अधिक से अधिक पंहूचाने हेतु भवनों पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना की जाना जिसके तहत नगर के ऐसे नागरिक जिनके द्वारा नगर निगम से जारी भवन अनुज्ञा के समय रैन वॉटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु शुल्क नगर निगम में जमा हुआ परन्तु उनके रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना अपने भवन पर नहीं की गई है वे नगर निगम में आवेदन के साथ निकाय से प्राप्त भवन अनुज्ञा संलग्न कर निगम द्वारा रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना अनिवार्य रूप से करायें ताकि भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सकें।

### जंगल में गौ मांस तस्करी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल, 3 फरवरी.** जिले के सिंहपुर और बूढ़ार के बीच स्थित जंगलों में गौ-वंश की हत्या एवं अवैध तस्करी का एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है. स्थानीय गौ-सेवकों की सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी अंसार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि इस पूरे मामले का आरोपी अज्जू अंसारी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है. बताया जा रहा है कि गौ मांस की तस्करी कर शहर भर के बिरयानी की दुकानों में सप्लाई की जाती थी.

# शिवना रिवर फ्रंट के लिए 12 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**मन्दसौर,03 फरवरी. शहर के समग्र एवं सुव्यवस्थित विकास की दिशा में मन्दसौर नगर को एक बड़ी सौगात मिली है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा शिवना रिवर फ्रंट के निर्माण हेतु 12 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है.**

नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत शिवना नदी के दोनों तटों का व्यापक विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा. किले की ओर से धँसने वाली मिट्टी को रोकने के लिए आवश्यक संरचनात्मक कार्य किए जाएंगे, जिससे नदी एवं आसपास का क्षेत्र सुरक्षित रहेगा. शिवना रिवर फ्रंट को आकर्षक एवं आधुनिक स्वरूप देने हेतु अत्याधुनिक लाइटिंग व्यवस्था, भव्य फव्वारे, हरित क्षेत्र, आमोद-प्रमोद की सुविधाएँ, रेस्टोरेंट्स सहित अन्य नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा. यह परियोजना अहमदाबाद के प्रसिद्ध साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर विकसित की जाएगी, जिससे मन्दसौर शहर को नई पहचान मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा प्राप्त होगा. नगर पालिका अध्यक्ष गुर्जर ने इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रति आभार माना.

# नलों में आ रहा गंदा पानी, पाइप लाइन भी लीकेज

### कस्तुरबा नगर टंकी से लिए 3 सेंपल की होगी जांच

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के नागरिक निगम अधिकारियों की अनदेखी से गंदा और मटमेला पानी पीने को मजबूतर हैं। यह खुलासा जनसुनवाई में आई शिकायत से हुआ हैं। इसमें नागरिकों ने नल से गंदा पानी वितरण से लेकर पाईप लाइन लिकेज होने तक की शिकायत की। शिकायत पर टीम ने कस्तूरबा नगर टंकी से तीन पानी के सेम्पल लिए।




मुख्य शहर से आए दिन गंदे पानी और बदबूदार पानी की शिकायत मिलती ही रहते है, लेकिन शहर के पटरी पार क्षेत्र में भी शुद्ध जल वितरण नहीं हो पा रहा हैं। मंगलवार को पोलोग्राउण्ड टंकी पर आयोजित जल सुनवाई में मोहन बरबेले हल्के मटमेले पानी, सुन्दरलाल मालवीय 14/1, महालक्ष्मीनगर ने पाईप लाईन लीकेज, अल्पेश जैन 37, हनुमान रूण्डी, विजय राठौर हनुमान रूण्डी, विकास कसेरा हनुमान रूण्डी ने गन्दे पानी, राजेश सोलंकी पुरोहित जी का वास व कलाबाई सोलंकी, अयाज खान फ्रीगंज ने पानी की गुणवत्ता चेक करने हेतु सैम्पल दिया गया। कस्तुरबा नगर टंकी पर पानी के तीन सैम्पल प्राप्त हुए जिन्हे चेक कर पास किया गया। प्राप्त 7 शिकायतों में से 6 शिकायतों का निराकरण तत्काल किया गया। आयोजित जल सुनवाई में जलकार्य तथा सीवरेज समिति प्रभारी भगतसिंह भदौरिया, पार्षद योगेश पापटवाल, कार्यपालन यंत्री राहूल जाखड़, सहायक यंत्री सुहास पंडित,

कार्यशाला ▸ सीधी बना देश का पहला जिला जहां मिलेगी सुविधा

# क्यूआर कोड से होगा मूक-बधिरों से संवाद

**सीधी 3 फरवरी. मूक एवं बधिर व्यक्तियों के साथ प्रभावी, सम्मानजनक और सहज संवाद सुनिश्चित करने की दिशा में जिले में एक महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की शुरुआत की गई है.**



इस पहल के अंतर्गत क्यूआर कोड आधारित साइन लैंग्वेज हेल्पलाइन प्रणाली लागू की जा रही है जिसके माध्यम से अब मूक-बधिर व्यक्ति शासकीय कार्यालयों, न्यायालयों एवं अन्य प्रशासनिक संस्थानों में अपनी बात आसानी से रख सकेंगे. इस अभिनव व्यवस्था के तहत शासकीय कार्यालयों में प्रदर्शित क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन करते ही साइन लैंग्वेज आधारित संवाद सुविधा उपलब्ध होगी. जिले में इस नवाचार को लागू करने का प्रयास सोनांचल बधिर संगठन, सीधी द्वारा किया जा रहा है. इस पहल का राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय भारत के राष्ट्रीय पुनर्वास विशेषज्ञ ज्ञानेन्द्र पुरोहित कर रहे हैं, जो सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत देशभर में मूक-बधिरों के लिए सुलभ एवं समावेशी व्यवस्था विकसित करने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं.

इस संबंध में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी की उपस्थिति में जिला पंचायत सीधी के सभागार में जनसुनवाई के पश्चात जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में क्यूआर कोड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, उपयोगिता तथा जिले में इसके प्रभावी क्रियान्वयन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई.

### कोहरे के कारण ट्रेनें 2 से 3 घंटे लेट चल रहीं

**ग्वालियर, 3 फरवरी.** धुंध और कोहरे का असर आवागमन पर भी देखा जा रहा है. कोहरे के कारण रेल और सड़क यातायात प्रभावित हुआ है. बसें और ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं. अधिकांश ट्रेनें 2 से 3 घंटे की देरी से आ रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है. सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है. मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दो से तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा. कुछ स्थानों पर बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश भी हो सकती है, जिसे मावठा कहा जा रहा है.

# गांवों में विद्युतिकरण को मिली बड़ी सौगात

▸ कैबिनेट मंत्री नागर चौहान की विधायक निधि से मिली राशि

**आलीराजपुर,03 फरवरी. जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह जी चौहान द्वारा अपनी विधायक निधि से 35 विद्युतीकरण के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए.**



विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि मंत्री श्री चौहान के सतत प्रयासों तथा केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन वाली भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी नीति का परिणाम है कि जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतिकरण से संबंधित सभी कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है. इन कार्यों में विद्युत लाइन विस्तार, ट्रांसफार्मर स्थापना, वोल्टेज सुधार एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने से जुड़े कार्य शामिल हैं. इन विद्युतिकरण कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण अंचलों में लंबे समय से चली आ रही कम वोल्टेज, बार-बार विद्युत बाधित होने तथा अपर्याप्त बिजली आपूर्ति जैसी समस्याओं का समाधान होगा. इससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों को भी कृषि कार्यों में राहत मिलेगी और गांवों में विकास गतिविधियों को गति मिलेगी.